दैनिक जागरण
23 दिसंबर, 2010

# चतुर्थ राज्यस्तरीय परिवर्तनकारी समारोह शुरू

झारसुगुडा, जागरण संवाददाता : चतुर्थ राज्य स्तरीय परिवर्तनकारी दिवसीय समारोह स्थानीय मनमोहन एम स्क्ल ल मैदान में आज से आरंभ हो रहा है। आम पारिवा अभियान की ओर से हो रहे इस समारोह में महिलाओं के प्रति हो रही हिंसा को रोका जाना, महिलाओं के प्रति बन चक्के मनोभाव में परिवर्तन लाना, उनकी समस्या के प्रति संवेदनशीलता व अधिकार के स्वरूप को और अधिक व्यापक किया जाना आज की आवश्यकता बन गई है।

उक्त बातें स्थानीय होटल लालि हेरिटेज में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में वक्ताओं ने कही। वर्तमान 17 देशों में यह अभियान कार्यरत है। वही उड़ीसा के इस अभियान में तीन लाख से अधिक परिवर्तकारी शामिल हो चुके हैं। भारत बंग्लादेश व श्रीलंका देश जैसे एशिया महादेश में प्रतिदिन एक महिला परिवारिक हिंसा की शिकार हो रही हैं। यह बात उड़ीसा राज्य की संयोजिका स्नेह मिश्रा ने कही। छह देशों के प्रायः तीन नियुक्त परिवर्तकारी इस अभियान में शामिल होकर व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्तर पर महिलाओं को सकारात्मक मनोवृति व अभ्यास के प्रचलन के लिए अपनी आवाज उठा रहे हैं।

बुधवार से शुरू हो रहे दो दिवसीय समावेश में राज्य के विभिन्न अभियानों से सैकड़ों की संख्या में महिलाओं की शामिल होने की संभावना है। तथा इस समावेश में राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा आरती अहक्षजा, कस्तुरी महापात्र, शिक्षाविद नारायण पक्षरू सेठ मानस बेहरा, प्रोफेसर दुर्गा प्रसाद नायक आदि प्रमुख ने अंश ग्रहण करेंगे। समावेश के प्रथम दिन बुधवार के अपराह्न एक रैली शहर की परिक्रमा करेगी। रैली का शुभारंभ जिला पुलिस अधीक्षक कविता जालान झंडी दिखाकर करेगी। संवाददाता सम्मेलन में आनदनी पाढ़ी शुभाश्री राय आदि अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।